JAIPUR METRO

# जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020
**E-mail:** pro@jaipurmetrorail.in **Phone No:** 0141-2822760

---

2025 / 05 / 420–**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक:** 09.05.2025

## जयपुर मेट्रो को ई–मेल द्वारा प्राप्त बम से उड़ाने की धमकी के संबंध में सार्वजनिक सूचना।

जयपुर 09 मई। जयपुर मेट्रो रेल को आज दिनांक 09 मई 2025 को दोपहर जयपुर मेट्रो के रेलवे मेट्रो स्टेशन के आधिकारिक ई–मेल आईडी पर एक मेल प्राप्त हुआ, जिसमें जयपुर मेट्रो के स्टेशनों एवं मेट्रो ट्रेनो को बम से उड़ाने की धमकी दी गई, इसके पश्चात् मेट्रो प्रशासन द्वारा इसे गंभीरता से लेते हुए तुरंत मेट्रो पुलिस को सूचित किया।

मेट्रो पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए जयपुर पुलिस की विभिन्न एजेंसीयों के सहयोग से एक सघन जांच अभियान समस्त मेट्रो ट्रेनों और मानसरोवर से बड़ी चौपड़ तक सभी मेट्रो स्टेशनों पर चलाया गया, जो कि 19:50 बजे संपन्न हुआ, इसके उपरांत मेट्रो पुलिस द्वारा आश्वस्त किया गया है कि जाँच के दौरान किसी भी प्रकार की कोई संदिग्ध सामग्री या बम प्राप्त नहीं हुआ है।

जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रीमान वैभव गालरिया ने बताया कि मेट्रो प्रशासन एवं मेट्रो पुलिस सभी यात्रियों एवं जयपुर मेट्रो की सुरक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

**जनसंपर्क अधिकारी**
**जयपुर मेट्रो**